हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 18 अक्टूबर 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 हिन्दू परिवार में नित्य हो भगवत पूजा,हर सदस्य हो प्रशिक्षित...



07 सेवा संकल्प अभियान का समापन हितग्राहियों को दिए स्वीकृति...



## खबर संक्षेप

### 34 करोड़ की सड़क का आज भूमिपूजन करेंगे

**शमशाबाद।** विधायक सूर्यप्रकाश मीणा रविवार को ग्राम पिपलधार में



करीब 34 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इस परियोजना के तहत पिपलधार चौराहा से नया गोला चौराह तक 14 किलोमीटर लंबी सड़क का उन्नयन और चौड़ीकरण किया जाएगा। इससे क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ ही ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे पिपलधार में भारतीय स्टेट बैंक के पास आयोजित होगा।

### सोयाबीन पंजीयन अब 24 अक्टूबर तक होंगे

**विदिशा।** भावांतर योजना के तहत सोयाबीन पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 24 अक्टूबर कर दी गई है। पहले पंजीयन की अंतिम तारीख 17 अक्टूबर निर्धारित थी। इस वर्ष किसानों के कम पंजीयन को देखते हुए शासन ने यह निर्णय लिया है। मंडी में सोयाबीन का भाव समर्थन मूल्य से कम रहने पर योजना के प्रावधानों के अनुसार मॉडल रेट और बिक्री मूल्य के अंतर की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी।

### दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना में 24 लाख मंजूर

**विदिशा।** दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत विदिशा जिले में 14 विवाह प्रकरणों को स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुल 24 लाख रुपए की राशि मंजूर की है। योजना के तहत दिव्यांग व्यक्ति का विवाह सामान्य व्यक्ति से होने पर 2 लाख रुपए और पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 1 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। स्वीकृत प्रकरणों में लटेरी, सिरोंज, गंजबासौदा, कुरवाई सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों के हितग्राही शामिल हैं।

### एचपीई की अप्रेंटिसशिप ड्राइव में 9 का चयन

**विदिशा।** बैंगलोर की आईटी कंपनी एचपीई की अप्रेंटिसशिप ड्राइव में विदिशा जिले के 9 युवाओं का चयन हुआ है। ड्राइव में विभिन्न महाविद्यालयों के 119 युवाओं ने भाग लिया। चयनित युवाओं को कंपनी में कार्य-अनुभव प्राप्त करने और व्यावसायिक कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा। चयनित युवाओं में जागृति बघेल, तनीशा साहू, सागर पटेल, शरद कुशवाह, सूर्यांश वर्मा, आशी सरदेशी, कुलदीप पटवा, पुष्पेंद्र और प्रियांशु चतुर्वेदी शामिल हैं।

# आयुष डॉक्टरों के अपडाउन से आरोग्य मंदिर पड़े हैं डाउन, चल रही मनमानी

## पौआनाला केंद्र में सिर्फ सफाई कर्मचारी मिला, खमतला में 11.30 तक स्टाफ पहुंचा पर चिकित्सक गायब, देवखजूरी में खुला ही पड़ा है आयुष्मान आरोग्य मंदिर

***पौआनाला शासकीय आयुर्वेद औषधालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर खमतला और देवखजूरी में पदस्थ चिकित्सक और स्टाफ की मनमानी चल रही है। तीनों जगह के चिकित्सक भोपाल से अपडाउन कर रहे हैं। मर्जी से आते हैं और अपनी मर्जी से जाते हैं।***

### भोपाल से हफ्ते में 2 दिन आती हैं डॉ. पूजा टेकाम

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर देवखजूरी:** सुबह केंद्र पर कोई नहीं था और दरवाजे खुले पड़े थे। दोपहर 12 बजे नर्स सुमन कुशवाह पहुंची और कोई स्टाफ नहीं मिला। केंद्र पर पांच लोगों का स्टाफ है।




चिकित्सक पूजा टेकाम, डॉक्टर प्रियंका, नर्स सुमन कुशवाह और दो योग प्रशिक्षक हैं। डॉ. पूजा टेकाम भोपाल से अपडाउन करती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वह सप्ताह में दो दिन आती हैं। इसलिए शासकीय आयुर्वेद सेवा का लाभ गांव तक पहुंच ही नहीं पा रहा। जबकि देवखजूरी केंद्र को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) का दर्जा है।

### स्टाफ समय पर आया पर डॉक्टर नदारद

**शासकीय आयुर्वेद औषधालय खमतला:** डॉ. चेतन टिक्कस भोपाल से अपडाउन करते हैं। अपनी सुविधा अनुसार किसी भी समय आते हैं। उनकी पत्नी पौआनाला केंद्र पर पदस्थ हैं। पहले निजी काम निपटाते हैं बाद में केंद्र पर आते हैं। शनिवार को नहीं आने की जानकारी मौखिक तौर पर आयुष अधिकारी को दी। पैरेंट्स मीटिंग का हवाला दिया गया।




भोपाल से आकर अपनी सुविधानुसार किसी भी समय हाजिरी रजिस्टर में हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। इस केंद्र पर सीएएमओ डा. युक्ति तिवारी, कंपाउंडर मीना राय, औषधी सेवक कमल किशोर, योग प्रशिक्षक जय करोसिया केंद्र पर मौजूद थे।

### केंद्र खोलने की जिम्मेदारी सफाई कर्मी को

**शासकीय आयुर्वेद औषधालय पौआनाला:** इस पर खमतला आयुर्वेदिक औषधालय के चिकित्सक डॉ टिक्कस की पत्नी डॉ. मंजूलता पनिका आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी हैं, कभी-कभार ही औषधालय आकर औपचारिकता निभाती हैं। केंद्र पर सिर्फ एक महिला सफाई कर्मचारी मिलीं। स्टाफ का कोई अता पता नहीं था। निगरानी के अभाव में चिकित्सक बेखौफ होकर मनमानी कर रहे हैं। तीनों केंद्रों पर पदस्थ चिकित्सकों की मनमानी साफ दिखाई दे रही है। इस संबंध में आयुष अधिकारी डॉक्टर दिनेश अहिरवार का कहना है कि सभी को सार्थक एप से उपस्थिति लगाना होती है। यदि कहीं स्टाफ या चिकित्सक समय पर नहीं पहुंच रहे हैं तो इसकी जांच करा लेंगे। बता दें की सार्थक एप से उपस्थित लगने के बाद ही वेतन निकालने के आदेश हैं।



## जीआरपी ने शिवपुरी निवासी शत्रु उर्फ दीपक ओझा को गिरफ्तार किया

# मेमू ट्रेन में 10 लाख रु.से भरा बैग 200 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद मिला

***काम करने की इच्छा शक्ति हो तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है। ट्रेन से गायब 10 लाख रुपयों से भर बैग खोजकर जीआरपी पुलिस ने यह साबित कर दिखाया है ।***



विदिशा। ट्रेन से चोरी बैग मिलने के संबंध में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा में मेमू ट्रेन से 10 लाख रुपए का बैग चोरी करने के मामले में जीआरपी ने शिवपुरी निवासी शत्रु उर्फ दीपक ओझा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के पास से 9 लाख 36 हजार 650 रुपए नकद समेत कुल 9 लाख 45 हजार 50 रुपए का चोरी का सामान बरामद किया है। फरियादी अमित शर्मा ने बताया कि उनके मालिक गणेश शर्मा निवासी भानपुर भोपाल ने रामजी प्लाइवुड शॉप के मालिक अजय जाधव से 10 लाख रुपए उधार लिए थे उनको वापस करने के लिए वह मेमो से जा रहा था। तभी रुपयों से भरा बैग ट्रेन से गायब हो गया था। जिसकी रिपोर्ट जीआरपी थाने में दर्ज कराई गई थी। फरियादी के अनुसार गंजबासौदा स्टेशन पर भीड़ होने के कारण उन्होंने बैग सीट के ऊपर रखा और सो गए। विदिशा स्टेशन पहुंचने पर बैग गायब मिला। इसके बाद उन्होंने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद टीम एक्टिव हुई और आरोपी तक पहुंची।

### 200 से ज्यादा फुटेज खंगाले गए

मामले की जांच में जीआरपी, आरपीएफ और पुलिस की टीमें जुटीं। विदिशा, भोपाल और गुना के 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज और पुराने रिकॉर्ड के आधार पर आरोपी शत्रु उर्फ दीपक ओझा की पहचान हुई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसे भोपाल से गिरफ्तार किया।

### 10 लोगों की टीम ने की कार्रवाई

करीब 10 अधिकारी-कर्मचारियों की टीम जुटी थी। पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल अंकित जैसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतू डाबर के मार्गदर्शन में कार्रवाई कर चोरी की रकम का अधिकांश हिस्सा बरामद कर लिया गया है।

## झांकी पंडालों में महाआरती, गरबा और जगराते शुरू

**अरिहंत बिहार**



विदिशा। अरिहंत बिहार कॉलोनी में मां दुर्गा की बहुत ही सुंदर और मनमोहक झांकी सजाई गई है।







विदिशा। रीठा फाटक और पुराने बस स्टैंडपर भी आकर्षक रूप में मां दुर्गा विराजमान हैं। दोनों पंडाल में अलग थीम है।

## भूमिपूजन: वार्ड 33 में 27 लाख की लागत से गलियों में डलेगी सड़क



विदिशा। वार्ड 33 में 27 लाख रुपए की लागत से विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। नवरात्रि के अवसर पर विधायक मुकेश टंडन सहित अतिथियों ने सबसे पहले कन्या पूजन किया, इसके बाद भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, पार्षद ममता राजू दांगी, रीता अजब सिंह दांगी सहित वार्ड के नागरिक एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेमरा टप्पा एकीकृत शाला में दीवार गिरने से छात्रा का पैर फ्रैक्चर होने पर शिक्षा विभाग ने लिया एक्शन

### एक माह तक नहीं दी सूचना, दो जनशिक्षकों व प्रभारी के निलंबन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ग्राम पंचायत सेमरा टप्पा स्थित एकीकृत माध्यमिक शाला में जर्जर दीवार गिरने से छात्रा का पैर फ्रैक्चर होने के मामले में हरिभूमि में 15 अक्टूबर को खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया।

**खबर का असर**

एसडीएम शशि मिश्रा, बीईओ हुकुमचंद सूर्यवंशी, बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार, तहसीलदार और संकुल प्रभारी कमल सिंह मीणा सहित अधिकारियों की टीम ने स्कूल पहुंचकर जांच की। अधिकारियों ने शाला प्रभारी मंजू सोनी और विद्यार्थियों से घटना के संबंध में जानकारी ली। जांच में सामने आया कि जर्जर दीवार गिरने से छात्रा घायल हुई थी। घटना के बाद एक माह तक विभाग को सूचना नहीं दिए जाने के मामले की भी पड़ताल की गई।

### मध्यान्ह भोज, भवन की स्थिति पर सवाल

जांच के दौरान विद्यार्थियों ने मध्यान्ह भोजन को लेकर भी शिकायतें कीं। अधिकारियों ने संबंधित समूह पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। स्कूल भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए आवश्यक कदम उठाने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया। शाला प्रभारी को भी लापरवाही पर फटकार लगाई गई।

### जांच रिपोर्ट भेजी

जानकारी मिलने पर जांच कर रिपोर्ट डीपीसी को भेज दी गई है। मामले में दोनों जनशिक्षकों और संबंधित प्रभारी मंजू सोनी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जा रही है।

**- एनके अहिरवार,** जिला शिक्षा अधिकारी विदिशा।

## महिला को मारी टक्कर, 20 टांके आए, मासूम भी घायल

**परिजनों बोले:** टक्कर मारने वाला युवक आरक्षक है

- समाजसेवी आदर्श तिवारी ने अस्पताल पहुंचाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रामद्वारा क्षेत्र में शुक्रवार शाम बाइक की टक्कर से मोपेड सवार महिला और उसकी चार साल की बच्ची घायल हो गईं।

हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया। परिजनों का आरोप है कि युवक पुलिस में आरक्षक के पद पर पदस्थ है और घटना के समय मोबाइल पर बात कर रहा था। आज्ञाराम कॉलोनी निवासी रीना पत्नी चंदन सिंह अपनी बच्ची के साथ मोपेड से घर जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। रीना के पैर में दो जगह गंभीर चोटें आई हैं। एक घाव में करीब 20 टांके लगे हैं, जबकि बच्ची को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद युवा समाजसेवी आदर्श तिवारी ने साथियों की मदद से रीना को अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने बाइक सवार की पहचान अभिषेक रावत के रूप में बताई है। शनिवार को पुलिस ने घायल महिला के बयान दर्ज किए। मामले में पुलिस जांच कर रही है। परिजनों ने निष्पक्ष जांच कर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

## विद्यार्थियों ने रंगों से दिया विश्व शांति और सद्भाव का संदेश

# ओलंपस हाई स्कूल में पीस पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित 80 विद्यार्थियों ने चित्रों के जरिए दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ओलंपस हाई स्कूल में लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु एवं लायंस क्लब सनराइज विदिशा के सहयोग से पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता की थीम 'शांति और सद्भाव' रखी गई। इसमें 11 से 13 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से विश्व शांति, आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और चित्रों के माध्यम से शांति, सहिष्णुता, आपसी सहयोग तथा मानवीय मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक और कल्पनाशील पोस्टरों में बेहतर समाज और शांतिपूर्ण विश्व की परिकल्पना दिखाई दी। उनकी रचनात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम में ओलंपस हाई स्कूल के चेयरमैन यशपाल सिंह रघुवंशी, डायरेक्टर मोहित रघुवंशी, एकेडमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी और प्राचार्य प्रियंका सिंह मौजूद रहे। लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु की अध्यक्ष हेमांगी कोठारी, कोषाध्यक्ष प्रकाश गोयल, वरिष्ठ सदस्य सीएल गोयल और अशोक कोठारी भी शामिल हुए। वहीं, लायंस क्लब सनराइज विदिशा के अध्यक्ष अमित ठाकुर, अमोल अग्रवाल तथा प्रतिभा विकास संस्थान के विपुल शर्मा ने भी सहभागिता की।

### कला के माध्यम से दिया शांति का संदेश

अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की रचनात्मक क्षमता को निखारने के साथ उन्हें सामाजिक और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक बनाती हैं। कला के माध्यम से बच्चे अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचा सकते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को शांति और सद्भाव का महत्व समझाना तथा विश्व में प्रेम, एकता और आपसी सम्मान की भावना विकसित करना था। बच्चों की प्रस्तुतियों ने संदेश दिया कि विभिन्नताओं का सम्मान और परस्पर सहयोग ही शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण विश्व की आधारशिला हैं।



## 37.50 लाख के पंचायत भवन का विधायक रघुवंशी ने किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ग्राम पंचायत पुरागुसाईं में शनिवार को 37 लाख 50 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने पूजा-अर्चना कर फीता काटकर किया।

भवन में सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के कार्यालय, अतिथि कक्ष, बैठक हॉल, रसोईघर, आंगन और गैलरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। विधायक ने सरपंच पृथ्वीराज मीणा की मेहनत और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक भवन से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और पंचायत के कार्यों का संचालन सुचारु रूप से होगा।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रजनी बृजेश लोधी सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## महानीम चौराहे पर कार पलटी, चालक की मौत, दो गंभीर घायल

**शमशाबाद।** बैरसिया-भोपाल रोड पर महानीम चौराहे के पास आरएम गार्डन के नजदीक एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ग्राम पाली निवासी चालक संजय धाकड़ (23) की मौत हो गई, जबकि सईद और नीरज शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार तेज थी। स्टीयरिंग फेल होने की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-7015
सरसों
न्यूनतम भाव-6600
उच्चतम भाव-9000
चना
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-7000
मसूर
न्यूनतम भाव-4860
उच्चतम भाव-6350
शरबती
न्यूनतम भाव-2620
उच्चतम भाव-4640
गेंहू
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-3500
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2562
उच्चतम भाव-2742
बटरी
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3000
मूंग
न्यूनतम भाव-7800
उच्चतम भाव-7900
उड़द
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-7450
मक्का
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-2511
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3900
मटर
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3600
धान
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-4450

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शनिवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 15933 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

## खबर संक्षेप

### जिला बदर की कार्रवाई

**गंजबासौदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर का आदेश जारी किया है। विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक गोपाल कुशवाह निवासी ग्राम लगधा थाना त्योंदा के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्रवाई तीन माह के लिए की गई है। उक्त अवधि में विदिशा एवं रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ जिले की राजस्व सीमा से तीन माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** मिल रोड फीडर से जुड़े क्षेत्रों में शनिवार को तीन घंटे बिजली सप्लाई बंद रही। बिजली कंपनी के अनुसार फीडर पर आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रखी गई। जिससे घरेलू उपभोक्ताओं, दुकानदारों और अन्य व्यवसायियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली बंद रहने से दिनचर्या प्रभावित हो रही है।



गंजबासौदा। नगर के बूढ़ापुरा क्षेत्र में लगी मां दुर्गा की विशाल झांकी



गंजबासौदा। नगर के नवांकुर गली में लगी मां अम्बे की सुंदर झांकी



गंजबासौदा। पुरानी कृषि उपज मण्डी के सामने लगी दुर्गा मां की झांकी



गंजबासौदा। भव्य युवा समिति द्वारा जालोरी गार्डन के पास बनाई गई भूतिया गुफा विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

### विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय पर दिया नित्य पूजा विधि का प्रशिक्षण

# हिन्दू परिवार में नित्य हो भगवत पूजा,हर सदस्य हो प्रशिक्षित:नेटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार दोपहर 1 बजे विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यालय अशोक भवन में नित्य सरल पूजा विधि का 3 घंटे का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क आयाम के केंद्रीय मंत्री अरुण नेटके ने कहा कि प्रत्येक हिन्दू परिवार में नित्य भग्वत पूजा होना चाहिए एवं परिवार का हर सदस्य अच्छी तरह से पूजा पद्यति को जाने। भगवान का जागरण, स्नान, पूजन, बालभोग, आरती, शयन आदि मौसम के अनुसार करना चाहिए। प्रत्येक परिवार, प्रत्येक जाति- वर्ग के बंधु अपने घर में नित्य देव पूजन कर सकें इसके लिए विश्व हिन्दू परिषद द्वारा देशभर में एक दिवसीय 3 घंटे के प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से आमजन को सरल विधि से पूजा करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये प्रशिक्षित कार्यकर्ता अन्य लोगों को भी प्रशिक्षण देंगे ताकि हर हिंदू परिवार अपने घर में रोज भगवान की विधि पूर्वक पूजा कर सके।




गंजबासौदा। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथिगण



गंजबासौदा। प्रशिक्षण में उपस्थित विहिप बजरंगदल कार्यकर्ता

विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हुतात्मा अशोक सिंघल ने भी देशभर में लाखों हिंदुओं को इस अभियान से जोड़ा था। यह उनका जन्म शताब्दी वर्ष है इसलिए अधिकतम हिन्दू परिवार इस अभियान से जुड़कर पूजा पद्यति सीखें। प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर ने अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष के विषय पर प्रकाश डाला तथा नवंबर माह में आने वाले हितचिंतक अभियान की जानकारी भी दी। प्रांत मंदिर अर्चक पुरोहित सह प्रमुख पंडित मुन्नालाल शास्त्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को नित्य सरल पंचोपचार पूजा पद्यति का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने पंचदेव प्रतिमाओं की पूजन सामग्री के माध्यम से पूजा करके मंत्रों का अभ्यास कराके प्रशिक्षण दिया। साथ ही मानसिक पूजा का महत्व एवं प्रशिक्षण दिया। इसके लिए विहिप ने एक पुस्तक भी निकाली है जिसमें सरल पूजा विधि दी गयी है। इस अवसर पर प्रांत कोषाध्यक्ष विजय जैन, विभाग मंत्री विक्रम रघुवंशी, जिलाध्यक्ष मुकेश सेन मंचस्थ थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रांत सह समरसता प्रमुख डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, प्रांत टोली सदस्य सुनील यादव, विभाग सह मंत्री चंद्रभान सिंह बघेल, संदीप नेमा, मातृशक्ति विभाग संयोजिका ज्योति वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला मंत्री रविन्द्र ठाकुर, जिला सह मंत्री सत्यम दुबे, जिला कोषाध्यक्ष लालचंद कुशवाहा, जिला सह संयोजक भजन प्रजापति, दिलीप देसाई, झगडू महाराज, विपिन देव, रामकृष्ण राजपूत, केशव हाडा, भाटे गुरु, संजय सिलावट, अतुल ठाकुर, नरेश राजपूत, रामराज झा, श्याम रघुवंशी, दिनेश प्रजापति, अमित जैन सहित बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



गंजबासौदा। पंचपीर क्षेत्र में लगी मां दुर्गा की मनोहारी झांकी



गंजबासौदा। इंदिरानगर क्षेत्र में लगी मां जगत जननी की सुंदर झांकी



गंजबासौदा। मिर्जापुर क्षेत्र में लगी मां अम्बे की मनोहारी झांकी



गंजबासौदा। घुंघरु गार्डन के पास लगी मां दुर्गा की आकर्षक झांकी

## एलबीएस कॉलेज में दिया लर्निंग लायसेंस का प्रशिक्षण

**गंजबासौदा।** एलबीएस कॉलेज में आरटीओ विभाग से आए कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं के कारण, उनसे बचाव के उपाय और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान राजेन्द्र चंद्रवंशी सहायक ग्रेड 3 एवं स्टॉफ ने विद्यार्थियों को लर्निंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया समझाई और वाहन चलाते समय आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक चालक की जिम्मेदारी है। हेलमेट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन और वाहन चलाते समय सतर्कता बरतने जैसे उपाय दुर्घटनाओं से बचाव में महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को जिम्मेदार वाहन चालक बनाने के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। विद्यार्थियों को बताया गया कि यातायात नियमों की अनदेखी न केवल चालक, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी खतरा पैदा करती है। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, कार्यक्रम अधिकारी कुलेन्द्र श्रीवास्तव, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज सक्सेना, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. भास्कर दुबे, हिंदी विभागाध्यक्ष मोहर सिंह गुर्जर, आईटी विभाग से गौरव नामदेव ने सहयोग किया। इस दौरान लगभग 200 छात्रों के लर्निंग लायसेंस बनाए गए।



## रंग लाई नपा अधिकारी, कर्मचारी पार्षदों की मेहनत



**गंजबासौदा।** गत दिवस कुछ नागरिकों को पानी की लाइन बिछाने एवं पानी की टंकी की टेस्टिंग करने में असुविधा और परेशानी उठानी पडी, लेकिन अब सब्र का मीठा फल खाने जरूर मिलेगा। नगर के वार्ड नंबर 10 क्लब पार्क में 10 लाख लीटर पानी की टंकी की टेस्टिंग सफल रही। जब टेस्टिंग की गई तो वार्ड नंबर 1 ,10 ,11, 12, 13 नंबर वार्डों के नलों में बिना मोटर के ही पानी की उपलब्धता भरपूर मिली। आने वाले समय में इन वार्डों में भरपूर पानी आएगा। नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने बताया कि वार्ड नंबर 7 में मिश्राजी की होटल के पीछे 20 लाख लीटर की टंकी शीघ्र चालू होने वाली है। जिससे बरेठ रोड नया बस स्टैंड, बर्फ फैक्ट्री वाली गली के सभी वार्डों में भरपूर पानी मिलने लगेगा। साथ ही जो नई पानी की पाइप लाइन डाली गई है उसका भी उपयोग नागरिक कर सकेंगे। नगर हित के इस सराहनीय कार्य में नपा के सभी अधिकारी, कर्मचारी खासकर इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव, सुनील यादव की टीम को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने बधाई दी।

## बाइक और ट्रैक्टर की भिड़ंत में मौत

**गंजबासौदा।** बेदनखेड़ी मार्ग पर बाइक और अज्ञात ट्रैक्टर के बीच हुई भिड़ंत में पांच वर्षीय बालक लक्ष्य सेन की मौत हो गई। हादसे के समय वह अपने माता-पिता के साथ बाइक पर सवार था। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। मलकपुर निवासी और रजौदा रोड पर रहने वाले अखिलेश सेन अपनी पत्नी और बेटे लक्ष्य के साथ बाइक से नए बस स्टैंड की ओर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नसीदपुर से तिरंगा चौक जाने वाले बेदनखेड़ी मार्ग पर अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में लक्ष्य को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। देहात थाना पुलिस के अनुसार हादसे के समय बाइक चला रहे अखिलेश सेन के नशे में होने की जानकारी सामने आई है।

### अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

## ऊंची दुर्गा प्रतिमाओं का होगा झूला मंच से विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दशहरे पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हादसों का खतरा कम करने के लिए इस बार बेतवा नदी पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। 24 फीट तक ऊंची प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर पालिका विशेष झूला मंच तैयार करवा रही है। इसे हाइड्रा मशीन में लगाकर बड़ी प्रतिमाओं को सुरक्षित तरीके से नदी में उतारा जाएगा। इससे प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कर्मचारियों को नदी में नीचे तक उतरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एसडीएम अनुभा जैन, नपा सीएमओ अशोक वर्मा, देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह ने गंज स्थित बेतवा नदी तट पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान नगर पालिका के उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव ने विसर्जन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। छोटी और मध्यम आकार की दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 40 फीट लंबे और 20 फीट चौड़े कुंड भी तैयार कराए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विसर्जन कुंडों के आसपास और नदी तट पर रात के समय पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने विसर्जन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने को भी कहा, ताकि श्रद्धालुओं और कर्मचारियों को परेशानी न हो और प्रतिमाओं का विसर्जन व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सके। इस दौरान नपा कर्मी, पुलिस एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## दिशा सिंगिंग क्लासेस का हुआ शुभारंभ

**गंजबासौदा।** दिशा संगीत सेवा समिति भोपाल के निर्देशन में सिंगिंग क्लासेस का आयोजित की जा रही है। शनिवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर दिशा सिंगिंग क्लासेस का भव्य शुभारंभ दिशा ग्रुप की संचालिका और गायिका बबीता सुरेश जैन, एमए म्यूजिक गायक दीपक दीवाना एवं अतिथि सुरेश कुमार, जीतेन्द्र जैन, मेहताब सिंह विश्वकर्मा, सतनाम सिंह राजपूत, जागेश खन्ना, नीतू चौबे, योगिता राजपूत, रंजना रावत, रीना राय, मंजू शर्मा, आध्या राजपूत की उपस्थिति में किया गया। ग्रुप की संचालिका बबीता जैन एवं दीपक दीवाना ने बताया कि इस सिंगिंग क्लासेस का मुख्य उद्देश्य नये कलाकारों को गायन के लिए तैयार करना एवं प्लेटफार्म प्रदान करना तथा अन्य गायकों को परिपक्व बनाना है। इस क्लास में कराओके सिंगिंग बॉलीवुड सिंगिंग एवं अन्य सिंगिंग स्टाइल की शिक्षा दी जायेगी। प्रथम दिवस क्लास में अनेक स्टूडेंट उपस्थित रहे।




## अच्छी शिक्षण व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों ने की सराहना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम सेमरी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर किए गए औचक निरीक्षण में जो तस्वीर सामने आई, उसने सभी को प्रभावित किया। बीएसी राजीव शर्मा, बीएसी संदीप शर्मा व जनशिक्षक अभिषेक माथुर, समीर याज्ञनिक व अमित श्रीवास्तव ने अलग अलग समय पर शाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था, अनुशासन और समग्र प्रबंधन बेहद उत्कृष्ट पाया गया, जिसके लिए निरीक्षण पर आए अधिकारीगण ने शाला प्रबंधन एवं स्टाफ की खुलकर सराहना की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शिक्षक निर्धारित समय पर कक्षा में उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं की उपस्थिति संतोषजनक रही। शिक्षकों द्वारा आधुनिक शिक्षण सामग्री का उपयोग करते हुए रोचक तरीके से पढ़ाया जा रहा था। बच्चों ने पूछे गए सवालों का जवाब पूरे आत्मविश्वास के साथ दिया। विद्यालय परिसर पूरी तरह स्वच्छ और सुव्यवस्थित मिला। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता उत्तम, पेयजल, शौचालय साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था। पुस्तकालय, खेल सामग्री और रिकॉर्ड संधारण सभी अद्यतन मिला। बच्चों में अनुशासन, बड़ों का आदर और आपसी सहयोग की भावना देखने को मिली। प्रार्थना सभा से लेकर कक्षा संचालन तक सब कुछ समयबद्ध और व्यवस्थित मिला। इस अवसर पर बीएसी राजीव शर्मा व बीएसी संदीप शर्मा ने कहा ग्रामीण अंचल के इस विद्यालय ने यह साबित कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो सरकारी स्कूल भी प्राइवेट स्कूलों से बेहतर परिणाम दे सकते हैं। प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक का कार्य सराहनीय और अनुकरणीय है।

उन्होंने कहा अच्छा विद्यालय संसाधन से नही शिक्षण कार्य व बच्चो की शैक्षणिक उपलब्धि से पहचाना जाता है। संसाधन खरीदे जा सकते हैं लेकिन बच्चो में शिक्षण, कुशलता, शिक्षको की मेहनत और लगन से ही आती है।

### नपाध्यक्ष ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने किया प्रेरित

# सेवा संकल्प अभियान का समापन हितग्राहियों को दिए स्वीकृति आदेश

**अभियान के दौरान पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता और पीएम स्वनिधि योजना के लिए प्राप्त हुए आवेदन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं 25 वर्षों के सेवाभाव से कार्य करने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान मनाया गया। अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अभियान का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा जरूरतमंद लोगों को योजनाओं से जोड़ना रहा। सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 15 हजार दीप प्रज्वलित करने के कार्यक्रम के साथ की गई। इसके बाद अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर आम नागरिकों से संवाद किया गया। इस दौरान 27 सितंबर को बनारस टू बड़नगर यात्रा तथा 8 अक्टूबर को ज्योति कलश यात्रा के साथ नगर के विभिन्न स्थानों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पात्रता रखने वाले हितग्राहियों से शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्राप्त किए गए।

अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं के लिए 14 आवेदन, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के लिए 8 आवेदन तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 40 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पालिका परिषद द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्रता के अनुसार हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की गई।

### हितग्राहियों को सौंपे स्वीकृति आदेश

17 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद द्वारा सेवा संकल्प अभियान के समापन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के बाद पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ने हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश प्रदान किए। इस दौरान वार्ड क्रमांक 7, सिरोंज निवासी अंजली यादव को राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत 20 हजार रुपये की सहायता राशि के स्वीकृत प्रकरण का आदेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों एवं इसके अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। ऐसे अभियानों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ उन्हें आवेदन करने और लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलती है। वहीं सीएमओ राम प्रकाश साहू ने हितग्राहियों से अपील की कि वे जिन शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, उनकी जानकारी अपने आसपास के लोगों, परिचितों और जरूरतमंद परिवारों के साथ भी साझा करें। इससे अन्य पात्र हितग्राहियों को भी योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी और वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। सेवा संकल्प अभियान के समापन अवसर पर शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के प्रयासों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### मित्तल परिवार को गरबा महोत्सव में मिला सम्मान

# अभिनेत्री दीपिका सिंह ने मयंक मित्तल को दिया 'बेस्ट गरबा कपल' अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर में आयोजित लोटस गरबा महोत्सव के दौरान सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मयंक मित्तल बिट्टू भैया को 'बेस्ट गरबा कपल' अवार्ड से सम्मानित किया गया। टेलीविजन के लोकप्रिय धारावाहिक दीया और बाती हम से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री दीपिका सिंह ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर गरबा महोत्सव में मौजूद लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

गरबा महोत्सव में मयंक मित्तल बिट्टू भैया को मिला यह सम्मान उनके उत्साह और आयोजन में सहभागिता का प्रतीक रहा। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक सहभागिता से जुड़े ऐसे आयोजन नगर में आपसी मेलजोल और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। गरबा महोत्सव के माध्यम से लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिला। मयंक मित्तल बिट्टू भैया एवं उनका परिवार लंबे समय से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। नगर में होने वाले विभिन्न सामाजिक आयोजनों, धार्मिक कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े कार्यों में मित्तल परिवार की सहभागिता रहती है। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी सक्रियता के चलते परिवार नगर में अपनी अलग पहचान रखता है।

गरबा महोत्सव में अभिनेत्री दीपिका सिंह के हाथों सम्मान प्राप्त होने पर उनके परिचितों, शुभचिंतकों और नगर वासियों में प्रसन्नता का माहौल है। लोगों ने मयंक मित्तल बिट्टू भैया को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगरवासियों का कहना है कि सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले लोगों को ऐसे मंचों पर सम्मानित किया जाना अन्य लोगों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित करता है। इस प्रकार गरबा महोत्सव केवल सांस्कृतिक उत्सव तक सीमित न रहकर सामाजिक सहभागिता, पारिवारिक एकजुटता और आपसी सौहार्द का भी माध्यम बना।

# पायलट प्रोजेक्ट-2 के तहत कांग्रेस ने वार्ड 19 में किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क



सिरोंज। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफू गौरी के नेतृत्व में पायलट प्रोजेक्ट-2 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 19 में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत सिनेमा चौराहा से की गई, जिसके तहत कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वार्ड के समस्त मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर उनसे संवाद किया। पार्टी के दिशा-निर्देशों के अनुसार जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं से क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली गई तथा कांग्रेस संगठन की रीति-नीति और विचारधारा से अवगत कराया गया। इस दौरान एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर भी मतदाताओं से चर्चा की गई और इस संबंध में उनकी प्रतिक्रियाएं जानी गईं। जनसंपर्क के दौरान कई मतदाताओं ने वर्तमान सत्ताधारी दल के क्रियाकलापों के प्रति असंतोष जाहिर किया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने मतदाताओं की बातों को सुना और उनकी समस्याओं एवं विचारों को समझने का प्रयास किया। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य आमजन से सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को जानना तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। इस जनसंपर्क अभियान में नगर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मां कंकाली के दरबार में श्रद्धालु लेकर पहुंचते हैं अपनी मनोकामनाएं

# ग्राम रूसल्ली साहू में मां कंकाली का दिव्य दरबार भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



क्षेत्र के ग्राम रूसल्ली साहू स्थित मां कंकाली का दिव्य दरबार श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मां कंकाली के प्रति भक्तों की गहरी श्रद्धा है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन करने, पूजा-अर्चना करने और अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं। भक्तों का विश्वास है कि सच्चे मन से मां कंकाली की आराधना करने से उन्हें मानसिक शांति, संबल और जीवन की कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति मिलती है।

मां कंकाली के भक्त दीपचंद्र पंथी और मोहित पंथी ने माता की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि मां के दरबार में आने वाले श्रद्धालु अपनी विभिन्न समस्याओं और परेशानियों को लेकर माता के समक्ष प्रार्थना करते हैं। भक्तों की मां कंकाली के प्रति गहरी आस्था है और वे पूरी श्रद्धा के साथ माता की पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि माता के दरबार में आने वाले भक्तों को आध्यात्मिक शांति और आत्मविश्वास की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि मां कंकाली के प्रति लोगों की आस्था पीढ़ियों से चली आ रही है। माता के दरबार में श्रद्धालु अपनी सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और जीवन में आने वाली परेशानियों से मुक्ति की कामना करते हैं। भक्तों के लिए यह दरबार केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि विश्वास, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र भी है। ग्राम रूसल्ली साहू में स्थित मां कंकाली के दरबार की महिमा क्षेत्र में श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बनी रहती है। भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार माता की आराधना करते हैं और परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। मां कंकाली के प्रति भक्तों का समर्पण और विश्वास धार्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का कार्य कर रहा है। मां कंकाली के परम भक्त दीपचंद्र पंथी और मोहित पंथी ने श्रद्धालुओं से माता के प्रति श्रद्धा बनाए रखने, अच्छे कर्म करने और आपसी प्रेम एवं सद्भाव के साथ जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया।

### अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई

# 15 गिरफ्तार, 20 प्रकरण दर्ज, 68 लीटर हाथभट्टी शराब व 1480 किलो लहान जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने 15 और 16 अक्टूबर को विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। टीम ने अलग-अलग गांवों और स्थानों पर दबिश देकर आबकारी अधिनियम के तहत 20 प्रकरण दर्ज किए और 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान 68 लीटर हाथभट्टी शराब, देशी शराब के 62 पाव और 1480 किलो लहान जब्त किया गया। नवागत कलेक्टर रोहित सिसोनिया के निर्देशन, सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी के आदेश और सहायक जिला आबकारी अधिकारी शहनाज कुरैशी के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। आबकारी उपनिरीक्षक सुनील कुमार मीणा के नेतृत्व में टीम ने प्राप्त सूचनाओं और शिकायतों के आधार पर विभिन्न स्थानों पर आकस्मिक दबिश दी।

#### इन स्थानों पर दी दबिश

आबकारी टीम ने ग्राम अलीगंज, घोट स्थित शिवाय ढाबा, झिरपई, घोड़ापछाड़, सिंधी कैंप, सिरवारा, विक्रम मढ़ैया, नारदखेड़ा और दिघावन में कार्रवाई की। इस दौरान अवैध शराब और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई।

#### अवैध शराब के विरुद्ध अभियान रहेगा जारी

कार्रवाई में 26 पाव देशी मसाला शराब, 36 पाव देशी प्लेन शराब और 68 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जब्त की गई। इसके साथ ही शराब बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाला 1480 किलोग्राम लहान भी बरामद किया गया। विभाग ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के तहत कुल 20 प्रकरण दर्ज किए। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक रामस्वरूप पटेल, भूपति सिंह और महिला आरक्षक श्वेता शिवहरे का सहयोग रहा। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान जारी रखने की बात कही।

### भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य राज्य मंत्री पटेल से की मुलाकात

# श्रमिकों की समस्याओं के निराकरण और अधिकारों के संरक्षण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली




भारतीय मजदूर संघ जिला रायसेन के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से मुलाकात की। इस दौरान श्रमिकों की समस्याओं, उनके अधिकारों के संरक्षण और संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने श्रमिक समस्याओं के निराकरण की दिशा में सहयोग के लिए मंत्री पटेल का आभार भी व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ, मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल के सदस्यों और संबंधित अधिकारियों के समक्ष श्रमिकों की समस्याओं को बिंदुवार रखने तथा उनके निराकरण की प्रक्रिया में सहयोग मिला। इसके लिए प्रतिनिधिमंडल ने नरेंद्र शिवाजी पटेल को धन्यवाद दिया।

#### श्रमिक हितों के लिए निरंतर प्रयास

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ श्रमिकों की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों की रक्षा और श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों के निराकरण के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। संगठन का उद्देश्य श्रमिकों की आवाज को उचित मंच तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराने की दिशा में काम करना है। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने श्रमिक हितों से जुड़े विषयों पर आगे भी समन्वय और सहयोग बनाए रखने पर जोर दिया।मुलाकात के दौरान भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि अरविंद सिंह ठाकुर, किशोर सिंह ठाकुर, ब्रजेश सिंह ठाकुर, कमलेश प्रसाद पाराशर, प्रमोद सिंह लोधी, अजय शर्मा, गोपाल स्वरूप ठाकुर, राजेश कुशवाह और सत्यम शर्मा उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री ध्रुव पाठक एवं श्री शुभ पाठक पुत्रगण श्री राजेश पाठक निवासीगण ग्राम बेरखेडी विरसा तहसील नगर व जिला विदिशा (म.प्र.) से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम बेरखेडी विरसा प.ह.न.01 तहसील नगर विदिशा व जिला विदिशा (म.प्र.) में भूमि सर्वे क्रमांक 35/1/3 रकवा 0.147 हेक्टेयर भूमि जिसकी चतुर्सीमायें पूर्व में भूमि सर्वे क्रमांक 34/1 व 34/2, पश्चिम में भूमि सर्वे क्रमांक 35/2/1/2, उत्तर में भूमि सर्वे क्रमांक 35/1/2 व दक्षिण में भूमि सर्वे क्रमांक 35/1/4 एवं श्रीमति रजनी पाठक पत्नि श्री गिरजेश पाठक निवासी ग्राम बेरखेडी विरसा तहसील नगर व जिला विदिशा (म.प्र.) से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम बेरखेडी विरसा प.ह.न.01 तहसील नगर विदिशा व जिला विदिशा (म.प्र.) में 35/1/4 रकवा 0.066 हेक्टेयर भूमि जिसकी चतुर्सीमायें पूर्व में:- भूमि सर्वे क्रमांक 34/2, पश्चिम में भूमि सर्वे क्रमांक 35/2/1/2, उत्तर में :- भूमि सर्वे क्रमांक 35/1/3 व दक्षिण में भूमि सर्वे क्रमांक 35/1/5 एवं श्रीमति राधा भार्गव पनि श्री राजेश भार्गव, पुत्री श्री बालाराम भार्गव निवासी 84/1, शिक्षक कॉलोनी रोड, मोहनगिरी विदिशा (म.प्र.) से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम बेरखेडी विरसा प.ह. न. 01 तहसील नगर विदिशा व जिला विदिशा (म.प्र.) में 35/1/6 रकवा 0.067 हेक्टेयर भूमि जिसकी चतुर्सीमायें पूर्व में :- भूमि सर्वे क्रमांक 34/2, पश्चिम में:- भूमि सर्वे क्रमांक 35/2/1/2 व 35/2/1/3, उत्तर में: भूमि सर्वे क्रमांक 35/1/5 व दक्षिण में: भूमि सर्वे क्रमांक 26/4 व 26/5 । इस प्रकार कुल रकवा 0.280 हैक्टेयर भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करनें का अनुबंध समक्ष गवाहन सम्पादित किया है जिसका विक्रय पत्र सम्पादित किया जाना है। चूंकि उपरोक्त वर्णित विक्रीत अनुबंधित भूमियों के संबंध में भविष्य में किसी प्रकार के स्वत्व अथवा ऋण संबंधी अथवा अन्य रूपेण संबंधी कोई विवाद उत्पन्न ना हो, इसलिये हर खास व आम को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति विशेष, सोसायटी, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था, बैंक निकाय या अन्य किसी का कोई ऋण या भार उपरोक्त वर्णित विक्रीत अनुबंधित भूमियों पर बकाया हो अथवा प्रस्तुत विक्रय व्यवहार से किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, वह इस जाहिर सूचना के 7 दिवस के अन्दर समस्त दस्तावेजों के, लिखित आपत्ति के साथ मुझे सूचित करे। अन्यथा बाद गुजरनें म्याद किसी की भी, किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमियों का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेगा। अतः सूचित हो ।

भवदीय **रमेश कुमार शर्मा** एडवोकेट
क्र. 823/87, विदिशा (म.प्र.)
मो. 7869597149

### भैया-बहनों ने गरबा नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

# शिशु मंदिर में सैकड़ों कन्याओं का पूजन, भंडारे में कराया भोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शारदीय नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर सेवा भारती संस्था की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों कन्याओं का चंदन, पुष्प और चुनरी अर्पित कर पूजन किया गया। इसके बाद सभी कन्याओं को सामूहिक रूप से भोजन कराया गया। आयोजन में श्रद्धा, सेवा और सांस्कृतिक परंपराओं का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भैया-बहनों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और गरबा नृत्य कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों को अतिथियों ने सराहा और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रोत्साहन स्वरूप बच्चों को राशि भी प्रदान की गई।

#### जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व विधायक रामकिशन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के सचिव हीरेंद्र मालवीय ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश तिवारी, विकास राय, विनोद साहू, सेवा भारती के दिनेश राजोरिया, वीएस किरार, अवध नारायण सक्सेना सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सेवा भारती बरेली की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, विद्यालय से जुड़े परिवारों और संस्था के सदस्यों ने भागीदारी की। कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराने के साथ नवरात्रि के धार्मिक और सामाजिक महत्व का संदेश दिया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### छात्राओं और शिक्षिकाओं ने पारंपरिक गरबा गीतों पर दीं आकर्षक प्रस्तुतियां

# मानिक लाल नाहर स्कूल में गरबा महोत्सव, भजनों और नृत्य से भक्तिमय हुआ माहौल



बरेली। नगर के मानिक लाल नाहर हायर सेकेंडरी स्कूल में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर गरबा महोत्सव का आयोजन उत्साह और भक्तिमय माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य अरुणेश कुमार मिश्रा और शाला परिवार ने माता रानी की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ की। महोत्सव में विद्यालय की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने माता रानी के भजनों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक गरबा गीतों की धुन पर छात्राओं और महिलाओं ने गरबा नृत्य कर नवरात्रि की खुशियां मनाईं। पूरे कार्यक्रम के दौरान परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

#### शिक्षक-शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका गायत्री भावसार ने किया। आयोजन प्रभारी मोनिका राजोरिया रहीं, जबकि सह प्रभारी के रूप में ज्योति जैन, शिवानी और भारती विश्वकर्मा ने जिम्मेदारी निभाई। संस्था की अध्यक्ष अर्चना नाहर और संरक्षक अजय नाहर ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहना की।

### नेशनल हाईवे-46 पर जगह-जगह दरारें, मरम्मत का इंतजार

# रायसेन से भोपाल तक उखड़ने लगा डामर, वाहन चालकों के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रायसेन से खरबई और सेहतगंज होते हुए भोपाल जाने वाले नेशनल हाईवे-46 की हालत लगातार खराब होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह दरारें दिखाई देने लगी हैं। वहीं कई हिस्सों में डामर की परत उखड़ने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद सेहतगंज टोल प्लाजा पर वाहन चालकों से लगातार लाखों रूपए का शुल्क वसूला जा रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब टोल प्लाजा से वसूली नियमित रूप से हो रही है, तो सड़क की मरम्मत समय पर क्यों नहीं कराई जा रही है। रायसेन से खरबई होते हुए सेहतगंज तक करीब 25 किलोमीटर लंबे मार्ग पर कई स्थानों पर सड़क की सतह खराब हो चुकी है। दरारों और उखड़ी डामर की वजह से वाहन चालकों को संभलकर निकलना पड़ता है। खासकर दोपहिया और तिपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति अधिक जोखिम भरी है। तेज रफ्तार में दरारों या उखड़े हिस्सों से गुजरने पर वाहन का संतुलन बिगड़ सकता है और दुर्घटना की आशंका बढ़ सकती है। इस मार्ग पर दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही भी बनी रहती है।

#### टोल वसूली जारी, फिर रखरखाव में देरी और परहेज क्यों?






नेशनल हाईवे-46 पर रायसेन से लगभग 25 किलोमीटर दूर सेहतगंज में टोल प्लाजा संचालित है। इसके अलावा दीवानगंज और बालमपुर घाटी क्षेत्र के टोल बैरियरों से भी वाहन गुजरते हैं। स्थानीय स्तर पर दावा किया जा रहा है कि सेहतगंज टोल प्लाजा से प्रतिदिन करीब पांच से आठ हजार वाहन निकलते हैं और यहां लगभग चार से साढ़े चार लाख रुपए तक की वसूली होती है। बालमपुर घाटी के टोल से भी प्रतिदिन करीब साढ़े तीन से चार लाख रुपए वसूले जाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, इन आंकड़ों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसके बावजूद टोल से होने वाली आय के बीच सड़क की बदहाल स्थिति रखरखाव व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। वाहन चालकों का कहना है कि टोल चुकाने के बाद उन्हें सुरक्षित और सुगम सड़क पर चलने की सुविधा मिलनी चाहिए। संबंधित एजेंसी को सड़क की नियमित निगरानी और जरूरत के अनुसार मरम्मत करानी चाहिए।

#### वाहन चालकों ने उठाया मरम्मत का मुद्दा

वाहन चालक विजय यादव, यूनुस खान, हरिकृष्ण यादव और सरदार मलकीत सिंह का कहना है कि टोल वसूली के बावजूद सड़क की मरम्मत में देरी समझ से परे है। उन्होंने मांग की कि हाईवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों को जल्द दुरुस्त किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके। लोडिंग वाहन चालकों ने भी सड़क की मरम्मत का मुद्दा नवागत कलेक्टर रोहित सिसोनिया के सामने उठाया है।

#### नवागत कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के संकेत

नवागत कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने कहा कि सेहतगंज टोल प्लाजा के जिम्मेदारों को सड़क की मरम्मत के लिए जल्द निर्देशित किया जाएगा। जनहित के इस मामले में लापरवाही सामने आने पर संबंधित संचालकों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल अब देखना यह है कि जिम्मेदार एजेंसी सड़क की मरम्मत कब तक शुरू करती है। फिलहाल वाहन चालकों को उम्मीद है कि प्रशासन की पहल से नेशनल हाईवे-46 की स्थिति सुधरेगी और उन्हें सुरक्षित सफर की सुविधा मिल सकेगी।

#### निर्माण के कुछ साल में ही उखड़ने लगी परतें

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग के निर्माण का काम वर्ष 2016 में शुरू हुआ था और वर्ष 2023 के आसपास पूरा हुआ। टू-लेन सड़क पर लगातार भारी वाहनों का दबाव बना रहता है। लोगों का कहना है कि निर्माण के शुरुआती वर्षों में ही कुछ स्थानों पर डामर की परत उखड़ने लगी थी। अब कई हिस्सों में सड़क की स्थिति और खराब हो गई है। स्थानीय स्तर पर यह भी बताया जाता है कि सड़क कंपनी द्वारा माना के पहाड़ क्षेत्र में गिट्टी क्रेशर लगाकर गिट्टी तैयार की गई थी और पत्थर की सामग्री का इस्तेमाल सड़क निर्माण में हुआ था। इसको लेकर उस समय स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया था। हालांकि, सड़क की मौजूदा खराब स्थिति के वास्तविक कारणों का पता तकनीकी जांच के बाद ही चल सकेगा। बताया जा रहा है कि यह मार्ग अब भोपाल-कानपुर कॉरिडोर का हिस्सा बन गया है और वीआरसी सड़क कंपनी द्वारा इसके पुनर्निर्माण की बात कही जा रही है। लेकिन फिलहाल वाहन चालकों को राहत देने के लिए क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत जरूरी है।

#### टोल बचाने के लिए ग्रामीण मार्गों पर जा रहे भारी वाहन

सेहतगंज और दीवानगंज बालमपुर घाटी के टोल से बचने के लिए कुछ भारी वाहन वैकल्पिक ग्रामीण मार्गों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, भोपाल की ओर जाने वाले कुछ वाहन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़कों से गुजरते हैं। रात के समय भी इन मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में बनी इन सड़कों पर भारी वाहनों का दबाव बढ़ने से सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इससे ग्रामीणों के आवागमन और सुरक्षा पर असर पड़ने की आशंका है। ऐसे में मुख्य हाईवे के साथ वैकल्पिक मार्गों पर भी भारी वाहनों की आवाजाही की निगरानी जरूरी है।

### सालोरा गांव में गजकुंडी का मसाला पीसते में हादसा

# चुनरी यात्रा के बीच बारूद में लगी आग, 3 बच्चे झुलसे, घायल बच्चे हमीदिया अस्पताल रेफर

**सालोरा परवरिया तक चुनरी यात्रा का आयोजन चल रहा था**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सालोरा में शनिवार दोपहर बारूद में अचानक आग लगने से एक किशोर सहित तीन बच्चे झुलस गए। हादसा उस समय हुआ, जब सालोरा गांव से भक्तों द्वारा हरसिद्धि देवी मंदिर, परवरिया तक चुनरी यात्रा निकाली जा रही थी। बारूद से निकली चिंगारियों की चपेट में आने से तीनों झुलस गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार, सालेरा गांव से हरसिद्धि देवी मंदिर परवरिया तक चुनरी यात्रा का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान कुछ बच्चे गजकुंडी का मसाला और बारूद पीस रहे थे। तभी अचानक बारूद में आग लग गई। आग लगते ही निकली चिंगारियों ने पास मौजूद बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण घायलों को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

#### एक किशोर और दो बच्चे घायल

हादसे में अमित सहित तीन बच्चों के झुलसने की जानकारी सामने आई है। घायलों में प्रिंस भी शामिल है, जिसकी उम्र करीब 15 से 16 वर्ष बताई गई है। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों की हालत को देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर किया।

#### बारूद के इस्तेमाल पर उठे सवाल

धार्मिक आयोजन के दौरान बारूद और जानलेवा मसाला पीसने जैसी गतिविधि के बीच सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल खड़े होते हैं। बारूद में अचानक आग लगने से हुआ यह हादसा बच्चों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही के खतरों को उजागर करता है।

## अनाज मंडी तीन दिन रहेगी बंद, किसान उपज लेकर न आएं

**रायसेन।** कृषि उपज मंडी समिति रायसेन में तीन दिन तक अनाज की नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी सचिव ने इस संबंध में प्रेस नोट जारी कर किसानों को सूचना दी है। मंडी प्रबंधन के अनुसार 18 अक्टूबर को रविवार का साप्ताहिक अवकाश है। इसके बाद 19 अक्टूबर को दुर्गानवमी और 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व का शासकीय अवकाश घोषित है। लगातार तीन दिन अवकाश होने के कारण इन तारीखों में अनाज और तिलहन की खरीदी-बिक्री नहीं होगी।

#### किसानों से अपील

कृषि मंडी समिति ने किसानों से अपील की है कि वे उक्त तीन दिनों में अपनी कृषि उपज विक्रय के लिए मंडी न लाएं। साथ ही आसपास के किसानो को भी इसकी जानकारी दें ताकि उन्हें परेशानी न हो। इस दौरान मंडी परिसर में माइक से भी लगातार सूचना का

### आरसीएमएस पोर्टल के लंबित मामलों की कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने की समीक्षा

# राजस्व प्रकरणों में देरी पर सख्ती, समय सीमा में निराकरण के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक देरी अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे मामलों का नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।ताकि लोगों को अपने राजस्व संबंधी कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। यह निर्देश नवागत कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री सिसोनिया ने राजस्व विभाग के कामकाज, आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन से मिली शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों की नियमित निगरानी करें और हर मामले की प्रगति पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय हो।



#### शिकायतों को औपचारिकता समझकर बंद न करें

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल पोर्टल पर दर्ज कर बंद करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। शिकायत के मूल कारण को समझकर उसका वास्तविक समाधान किया जाए।ताकि आवेदक को राहत मिल सके। अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण में गंभीरता और संवेदनशीलता बरतने के निर्देश भी दिए।

#### प्रतिदिन शाम को देना होगा प्रगति का अपडेट

बैठक में कलेक्टर श्री सिसोनिया ने सभी तहसीलदारों को प्रतिदिन की कार्यप्रगति शाम को निर्धारित ग्रुप में अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का भी समय पर निराकरण करने और आवेदकों को की गई कार्रवाई की जानकारी देने को कहा।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग सीधे आमजन से जुड़ा है। ऐसे में अधिकारियों को नागरिकों की समस्याएं संवेदनशीलता से सुनकर नियमानुसार उनका समाधान करना चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

### वीआईपी कॉलोनी से भोपाल रायसेन बायपास सुकून ढाबा तक सड़क का सपना अधूरा

# ऊबड़-खाबड़ कीचड़ दलदल भरे रास्ते से गुजर रहे रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर की वीआईपी कॉलोनी से रायसेन-भोपाल बायपास तक पक्की सड़क बनने का सपना अब तक अधूरा है। सांची रोड स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास विकसित हो रही वीआईपी कॉलोनी और कान्हा धाम सिटी के रहवासी आज भी ऊबड़-खाबड़ और कीचड़,पथरीले भरे रास्ते से आवागमन करने को मजबूर हैं। कॉलोनाइजर मनीष शिवहरे ने दोनों कॉलोनियों के रहवासियों की सुविधा के लिए सांची-विदिशा मेन रोड से वीआईपी कॉलोनी होते हुए रायसेन-भोपाल बायपास तक पक्की डामर सड़क बनवाने का वादा किया था। लेकिन सड़क का निर्माण नहीं होने से रहवासी अब सवाल उठा रहे हैं कि आखिर यह वादा कब पूरा होगा? रहवासियों का कहना है कि कान्हा धाम सिटी कॉलोनी में लगभग सभी प्लॉटों की बुकिंग हो चुकी है। धीरे धीरे कॉलोनी विकसित हो रही है।लोग यहां प्लॉट और फ्लैट खरीदकर बेहतर सुविधाओं की उम्मीद कर रहे थे।लेकिन सड़क की समस्या जस की तस बनी हुई है। पक्के मार्ग के अभाव में लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों के मुताबिक, कॉलोनी में विकास और सुविधाओं के दावों के बीच सड़क की बदहाल स्थिति उनकी मुश्किलें बढ़ा रही है।



#### गंदा पानी बहने से बढ़ी परेशानी, हादसों का भी खतरा

कॉलोनी के रहवासियों के अनुसार, कच्चे और पथरीले रास्ते पर घरों का गंदा पानी बहता रहता है। इससे रास्ते की स्थिति और खराब हो गई है। लोगों को इसी मार्ग से पैदल और दो पहिया तीन पहिया और चार पहिया वाहनों से गुजरना पड़ता है। ऊबड़-खाबड़ सड़क के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी होती है। रहवासियों का कहना है कि रास्ते की खराब स्थिति के चलते आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों का सवाल है कि जब कॉलोनी विकसित करने के दौरान सड़क जैसी बुनियादी सुविधा का भरोसा दिया गया था।तो अब तक निर्माण क्यों नहीं हुआ? रहवासियों को उम्मीद थी कि कॉलोनी के विकास के साथ आवागमन का रास्ता भी बेहतर होगा। लेकिन फिलहाल उन्हें इंतजार करना पड़ रहा है।

#### अब 30 तक टेंडर का इंतजार

सड़क निर्माण को लेकर कॉलोनाइजर मनीष शिवहरे का कहना है कि पक्की डामर सड़क के निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद की ओर से टेंडर बुलाए गए हैं। उनके अनुसार, 30 अक्टूबर तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। कान्हा धाम सिटी कॉलोनी से रायसेन-भोपाल बायपास मार्ग तक शेष सड़क का निर्माण वे करवाएंगे।

### ब्राइट करियर स्कूल परिसर में ब्राह्मण सखी संगठन ने आयोजित किया कार्यक्रम, महिलाओं ने लिया हिस्सा

# गरबा में थिरके कदम, भक्ति व भारतीय संस्कृति की दिखी झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां आदिशक्ति की आराधना के साथ शहर में गरबा महोत्सव की धूम है। देवी जगदंबे की भक्ति, संगीत और पारंपरिक गरबा की सुर-ताल पर महिलाओं के थिरकते कदमों ने आयोजन में उत्साह और उमंग के रंग भर दिए। ऐसा ही नजारा रायसेन के मुखर्जी नगर स्थित ब्राइट करियर हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में ब्राह्मण सखी संगठन की ओर से आयोजित गरबा महोत्सव में देखने को मिला। यहां महिलाओं और बहनों ने उत्साहपूर्वक गरबा कर मां जगदंबे की आराधना की। गरबा महोत्सव के दौरान पारंपरिक संगीत की धुनों पर महिलाओं युवतियों ने सामूहिक रूप से गरबा किया।



भक्ति गीतों और तालियों की गूंज के बीच पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में नजर आया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं और युवतियों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में आकर्षण बढ़ाया। आयोजन में भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और नारी शक्ति की सहभागिता की सुंदर झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने भी मातृशक्ति एवं बहनों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि जैसे पर्व हमारी धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अवसर भी देते हैं। गरबा जैसे पारंपरिक आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और रीति-रिवाजों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन में भक्ति और उल्लास का संगम देखने को मिला। महिलाओं ने गरबा के माध्यम से मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम ने सामाजिक मेल-मिलाप और सांस्कृतिक एकता का संदेश भी दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, सीएल गौर, बबलू ठाकुर, ब्राइट करियर स्कूल के संचालक प्रवीण दुबे, दीपक रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गरबा उत्सव का आयोजन किया गया

# एचपी स्कूल में गरबा की धूम, नौ देवियों के स्वरूप में सजी छात्राओं ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

नगर की शैक्षणिक संस्था एच.पी. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को भव्य गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और पारंपरिक लोकनृत्य का सुंदर संगम देखने को मिला। विद्यालय परिसर में आयोजित इस उत्सव में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतमय आरती के साथ हुआ। आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद नौ देवियों के स्वरूप में सजी छात्राओं ने आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। देवी स्वरूप में सजी छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। धार्मिक भावनाओं और सांस्कृतिक परंपराओं से ओतप्रोत इस प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य-नाटिका के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संगीत, नृत्य और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के जरिए बच्चों ने भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सामूहिक गरबा रहा, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक गरबा गीतों की धुन पर गरबा किया। सभी विद्यार्थी पारंपरिक भारतीय परिधान और गरबा वेशभूषा में नजर आए, जिससे विद्यालय परिसर उत्सव के रंगों से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में संस्था संचालक सुभाष श्रीवास्तव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम में सहभागिता कर उत्सव को यादगार बनाया।

# सेमरा में 251 मीटर की चुनरी लेकर निकले माता के भक्त, जयकारे लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन शनिवार को सांची विकासखंड के ग्राम सेमरा में माता रानी की भक्ति और आस्था का अनूठा नजारा देखने को मिला। यहां हनुमान गायत्री मंदिर से 251 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। सुबह 11 बजे शुरू हुई यात्रा में छोटी-छोटी कन्याओं, महिलाओं और श्रद्धालुओं ने नंगे पैर चलकर माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। करीब चार घंटे तक चली यात्रा दोपहर 3 बजे सेमरा रेलवे स्टेशन स्थित मढ़ माता मंदिर पहुंची, जहां माता रानी को चुनरी भेंट की गई। चुनरी यात्रा को लेकर गांव में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। महिलाओं ने अपने घरों के सामने आंगन और रास्तों की साफ-सफाई कर लीप-पोतकर रंग-बिरंगी रंगोलियां सजाईं। पूरे गांव में धार्मिक उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। यात्रा ग्राम सेमरा के हनुमान गायत्री मंदिर से शुरू होकर पंचायत भवन और गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए मढ़ माता मंदिर पहुंची। यात्रा का नेतृत्व सरपंच भानु लोधी ने किया। चुनरी यात्रा में दो कन्याओं को माता पार्वती और मां दुर्गा के स्वरूप में सजाया गया था। पीछे चल रहे श्रद्धालु माता रानी और भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। महिलाओं और कन्याओं ग्रामीणों ने यात्रा में भाग लिया। मढ़ माता मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने चुनरी ओढ़ाई।



### रामायण की झांकी से नई पीढ़ी को प्रभु श्रीराम से जोड़ने का प्रयास

# 16 क्वॉर्टर पीचई रोड की दुर्गा झांकी में रावण वध की लीला की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित सोलह क्वॉर्टर, पीएचई रोड पर श्री वीर शिवाजी दुर्गा उत्सव समिति की ओर से सजाई गई रामायण आधारित झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। आयोजक वरूण खत्री ने बताया कि दुर्गा झांकी पंडाल में भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर लंकापति रावण के वध तक की प्रमुख लीलाओं को प्रतिमाओं और पेंटिंग्स के माध्यम से जीवंत रूप में दर्शाया गया है। आकर्षक सजावट और धार्मिक प्रसंगों को देखने के लिए सुबह-शाम श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्री वीर शिवाजी दुर्गा उत्सव समिति इस वर्ष 27वें साल में दुर्गा उत्सव का आयोजन कर रही है। आयोजन के माध्यम से युवाओं और बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। रामायण के विभिन्न प्रसंगों को एक ही स्थान पर देखने का अवसर मिलने से लोश्रद्धालुओं में भी उत्साह नजर आ रहा है।



#### प्रतिमाओं के जरिए जीवंत किए रामायण के प्रसंग

दुर्गा उत्सव झांकी पंडाल में रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों को क्रमबद्ध तरीके से प्रस्तुत किया गया है। भगवान श्रीराम के जन्म, उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक रावण वध तक की लीलाओं को प्रतिमाओं के माध्यम से दर्शाया गया है। इन प्रसंगों के जरिए भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म, त्याग और कर्तव्य के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। झांकी की विशेषता इसकी सजावट और प्रसंगों को प्रस्तुत करने का तरीका है। कुशल कारीगरों की मदद से पंडाल को आकर्षक रूप दिया गया है। प्रतिमाओं और सजावट के माध्यम से रामायण की कथा को इस तरह प्रस्तुत किया गया है कि श्रद्धालु विभिन्न प्रसंगों को आसानी से समझ सकें। श्री वीर शिवाजी दुर्गा उत्सव समिति के युवाओं ने झांकी की तैयारी और आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। पंडाल की सजावट से लेकर श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक माहौल तैयार करने तक टीम ने मेहनत की है। समिति का उद्देश्य केवल दुर्गा उत्सव मनाना ही नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना भी है। दुर्गा झांकी देखने पहुंच रहे।